दिनांकः 03.11.2026 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के तीसरे चरण के लिए आज मतदान किया जा रहा है।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आज जैसलमेर में रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर एक्सपो में व्यापारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया।
- पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने आमजन से दीपावली पर गाय के गोबर तथा मिट्टी से बने दीयों और कलाकृतियों का उपयोग करने की अपील की।

.....

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के तीसरे चरण के लिए आज मतदान हो रहा है। सुबह सात बजे शुरू हुआ मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। इस चरण में 27 जिलों की जिला परिषद के 377 और 116 पंचायत समितियों के दो हजार 119 वार्डों में सदस्य चुने जाएंगे। एक करोड़ छह लाख से अधिक मतदाता नौ हजार 94 प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। मतदान के लिए 11 हजार 800 से अधिक केंद्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों पर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन तथा पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि वहां मतदान को लेकर लोगों में उत्साह है। लोग अपने गांव की सरकार चुनने के लिए मतदान केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं।

.....

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आज जैसलमेर में रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक होगी। इस बैठक में भारतीय सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण, स्वदेशी रक्षा उपकरणों के इस्तेमाल और नई सैन्य तकनीकों सहित देश की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। बैठक में पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा तैयारियों, सेना की परिचालन क्षमता को मजबूत बनाने और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के उपायों पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास और रक्षा तैयारियों से जुड़े विषय भी चर्चा के केंद्र में रह सकते हैं।

बैठक में भाग लेने के लिए रक्षा मंत्री सहित राज्य सभा और लोकसभा के कई सांसद जैसलमेर पहुंच गए हैं। इस समिति में लोक सभा के 15 वहीं राज्य सभा के 9 सांसद सदस्य हैं। बैठक में रक्षा मंत्रालय के अधिकारी तथा वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी शामिल होंगे।

.....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए निवेशकों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कल नई दिल्ली में भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन और एक्सपो के दौरान 50 से अधिक प्रमुख निवेशकों के साथ राउंड टेबल बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा उत्पादन और सौर ऊर्जा क्षमता स्थापना में देश में पहले स्थान पर है। राज्य में 51 हजार मेगावाट से अधिक अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है, जिसमें 45 हजार मेगावाट से अधिक सौर ऊर्जा शामिल है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक लगभग 125 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता विकसित करना है। इसके लिए सौर, पवन, हाइब्रिड परियोजनाओं और ऊर्जा भंडारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक्सपो में लगाई गई राजस्थान की स्टॉल्स का उद्घाटन और अवलोकन भी किया।

.....

राज्य सरकार ने गोयल फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी पर निवेश प्रोत्साहन योजना में मंजूर सरकारी फायदों पर रोक लगा दी। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शिखर अग्रवाल और उनकी पत्नी आईपीएस प्रशाखा माथुर ने इस कंपनी से 40 विला और कॉटेज खरीदे। उद्योग और वाणिज्य आयुक्त ने इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं। इधर, कार्मिक विभाग ने शिखर अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा है। यह नोटिस 30 अक्टूबर को जारी किया गया था। गौरतलब है कि समाचार पत्रों में अग्रवाल परिवार की ओर से ढाई साल में गोयल फैशन्स से 40 विला और कॉटेज खरीदने और उसी कंपनी को लीज पर देने की ख़बर आने के बाद से यह मामला सुर्खियों में है। एसीबी इस मामले की जांच कर रही है।

.....

पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने आमजन से दीपावली पर घरों और प्रतिष्ठानों की सजावट के लिए गाय के गोबर तथा मिट्टी से बने दीयों और कलाकृतियों का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इससे 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण महिलाओं तथा जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा।

.....

राजीविका दिवाली मेले में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। मेले के छठे दिन भी बड़ी संख्या में पहुंचे आगंतुकों ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों और सजावटी वस्तुओं की खरीदारी की। मेले में पारंपरिक हस्तशिल्प, घरेलू उपयोग की सामग्री और आकर्षक कलाकृतियां लोगों के लिए विशेष आकर्षण बनी हुई हैं। 28 अक्टूबर से चार नवंबर तक आयोजित इस मेले में प्रवेश निःशुल्क है।

.....

जयपुर में दीपावली के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए निजी स्लीपर और अन्य बसों का संचालन शहर के बाहर निर्धारित स्थानों से किया जाएगा। यह व्यवस्था आज से नौ नवंबर

तक लागू रहेगी। यातायात पुलिस ने सिंधी कैंप बस स्टैंड के आसपास यातायात का दबाव कम करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है। इस अस्थायी व्यवस्था के तहत दिल्ली और आगरा की ओर जाने वाली बसें ट्रांसपोर्ट नगर में बजरी मंडी सर्किल के पास स्थित निजी बस स्टैंड से संचालित होंगी। अजमेर रोड की बसों का संचालन हीरापुरा बस स्टैंड से होगा। वहीं, टोंक रोड की बसें पुराना बाईपास के नीचे से और सीकर रोड की बसें विद्याधर नगर स्टेडियम से रवाना होंगी। इधर दीपावली के त्योहार पर यात्रियों की सुविधा और बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए जयपुर मेट्रो के संचालन का समय बढ़ाया गया है। जयपुर मेट्रो आज से 11 नवंबर तक रात साढ़े बारह बजे तक संचालित होगी। इस दौरान मेट्रो की दैनिक फेरे भी 202 से बढ़ाकर 214 कर दिए गए हैं।

.....

राज्य क्रीड़ा परिषद जल्द ही प्रदेश के सर्वोच्च खेल सम्मान महाराणा प्रताप पुरस्कार और उत्कृष्ट कोच को दिए जाने वाले गुरु वशिष्ठ पुरस्कार प्रदान करेगी। परिषद के सचिव राजकेश मीणा ने बताया कि इन पुरस्कारों के माध्यम से प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और उत्कृष्ट प्रशिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य क्रीड़ा परिषद खेल प्रतिभाओं को उचित मंच और पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इससे प्रदेश में खेलों और खिलाड़ियों के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

.....

ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक के तहत पुलिस मुख्यालय और राजस्थान पुलिस अकादमी में ऊर्जा संरक्षण तथा पर्यावरण जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की गईं। पुलिस मुख्यालय में कानून और व्यवस्था पुलिस महानिदेशक संजय अग्रवाल ने वरिष्ठ अधिकारियों और कार्मिकों को मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

इसमें प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और अपशिष्ट में कमी लाने का संकल्प लिया गया। वहीं, राजस्थान पुलिस अकादमी में ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। इस दौरान अकादमी के सभी भवनों की बिजली आधे घंटे तक बंद रखी गई।

.....